प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
गोण्डा।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

पत्रांकः 2377 / M-30 /31 दिनांकः 24/07/2026

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में डिजिटली माध्यम से प्रकाशित शीर्षक "मुण्डेरवा में जल जीवन मिशन योजना अधूरी" पर आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में डिजिटली माध्यम से प्रकाशित शीर्षक "मुण्डेरवा में जल जीवन मिशन योजना अधूरी" शीर्षक के क्रम में के सम्बन्ध में सादर अवगत कराया है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा नामित फर्म मे0 के.एल.एस.आर–रेज द्वारा विकास खण्ड करनैलगंज के मुण्डेरवा ग्राम पंचायत में पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है। वर्तमान तक फर्म द्वारा नलकूप बोरिंग, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल एवं प्रस्तावित वितरण प्रणाली 24508 मीटर के सापेक्ष 14500 मीटर बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। योजना में प्रस्तावित 683 नग गृहजल संयोजन के सापेक्ष वर्तमान तक 50 नग गृहजल संयोजन का कार्य किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। जल जीवन मिशन की नई गाइड लाइन के अनुसार उक्त योजना को जून, 2027 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तातिव है।

अतः फर्म को निर्देशित किया गया है कि उक्त योजना के अवशेष कार्यों को युद्धस्तर पर कराते हुए जून, 2027 तक जलापूर्ति प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(महेन्द्र सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0: / / दिनांकः /07/2026

**प्रतिलिपिः–** निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3. सम्बन्धित फर्म के प्रतिनिधि को इस आशय से प्रेषित कि मुण्डेरवा ग्राम पंचायत परियोजना के अवशेष कार्यों को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner